ब्रह्माकुमारीज़ संस्था का अमृत्त महोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन

अहमदाबाद नगरी के मणीनगर सेवाकेन्द्र के इश्वरीय सेवाओं के ४० वाँ वार्षिक उत्सव और ७५ साल के रत्नों का सन्मान समारोह

सुख शांति भवन, अमदाबाद :- ब्रह्माकुमारी संस्था के अमृत्त महोत्सव के अंर्तगत, अहमदाबाद शहर के मणीनगर सेवाकेन्द् की इश्वरीय सेवाओं के ४० वें वार्षिक उत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ब्र. कु. उषा बहन ने कार्यक्रम का लक्ष्य ओर उद्देश्य को बताते हुये अतिथियों का दिल से स्वागत किया। मंचासीन महानुभावो में अहमदाबाद के सुप्रसिध्ध जगन्नाथ मंदिर के महंत श्री दिलीपदासजी महाराज, गुजरात के क्षेत्रिय संचालिका सरला दीदी, युवा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजिका ब्र. कु. चंद्रिका बहन, गुजराती फिल्म कलाकार भाविनी बहन जानी ने दिप प्रज्जवलन किया। साथ-साथ सभा में उपस्थित 40 से ज्यादा विशिष्ट प्रतिभाओं ने दिप प्रज्जवलन किया। जिसमें गुजरात गुजरात प्रदेश क्रोग्रेस कमीटी के प्रमुख भ्राता गीरीश पटेल, अहमदाबाद मेडीकल एसोसीएशन के सेक्रेटरी डॉ. मेहुल शाह, मेम्बर जज हेमकला बहन, जमाते-इस्लाम हिन्द के सेक्रेटरी इकबाल मिरझा, रोटरी कल्ब ऑफ कांकरीया के विपुल भाई, समाजिक संस्था हेप्पी थॉट के संयोजक नरेन्द्र अग्रवाल तथा स्कुल और कॉलेजो के प्रिन्सीपाल भी सामिल थे।

ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के अमृत्त वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में संस्था में नियमीत रुप से आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग का अभ्यास करने वाले ७५ वर्ष से अधिक आयु वाले ४० राजयोगी भाई-बहनों का सन्मान किया गया। यह दश्य जैसे की सतयुग का राजदरबार ही था।

अहमदाबाद के सुप्रसिध्ध जगन्नाथ मंदिर के नवनियुक्त महंत श्री दिलीपदासजी महाराज ने आर्शिवचन देते हुये संस्था की विकास यात्रा की सराहना करते हुये बताया कि - आज समाज में आध्यात्मिक मूल्यों का जहाँ पतन हो रहा है, तब ऐसे समय में संस्था पिछले ४० वर्षो से अपनी अमूल्य सेवा दे रही है, यह बहुत ही सराहीन कार्य है। आज संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यो की सिर्फ महिमा करने का वक्त नही है । आज विश्व को जिस चीज की आवश्यता है वो यही संस्था, समाज में लोगों की आध्यात्मिक माँग को पूर्ण कर रही है। यह संस्था के साथ जगन्नाथ मंदिर का वर्षो पुराना नाता है और हमेंशा के लिये आगे भी रहेगा। गुजरात के क्षेत्रिय संचालिका सरला दीदीने आर्शिवचन देते हुये कहा कि - परमात्मा का दिव्य अवतरण हुये आज ७५ वर्ष हुये है। वो परमपिता हमें दिव्य गुण और शक्तियों से संपन्न कर दैवी राज्य की स्थापना का कार्य कर रहे है। अब हमें भी अपना जीवन मूल्यवान बनाना है।

800 से अधिक भाई-बहनों से भरा सौराष्ट्र पटेल सेवा समाज के पार्टी प्लोट में आध्यात्मिक दिव्यतासभर चुंबकीय वातावरण बन गया था। कार्यक्रम का संचालन भ्राता महेश भाई और ब्र. कु. नेहा बहन ने बहुत ही अच्छी तरह से किया। भाविनी बहन जानी ने अपनी हास्य कला से सभी को आनंदित किया। कुमारीओं ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तृत किया।